Downloaded from www.studiestoday.com

## विषय-3

# तीन महाद्वीपों में फैला हुआ साम्राज्य

## विश्व इतिहास के कुछ विषय

*स्मरणीय तथ्य-*

1. ईस्वी सन् के प्रारंभ से सातवीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक दो महान साम्राज्यों- रोम और ईरान ने अधिकांश यूरोप, पश्चिमी एशिया और उत्तरी अफ्रीका का बहुत बड़ा हिस्सा आपस में बाँट रखा था।

2. रोम के इतिहास को जानने के लिए हमारे पास निम्नलिखित स्रोत हैं:

   (1) पाठ्य सामग्री (2) प्रलेख (3) भौतिक अवशेष

3. रोम साम्राज्य की उत्तरी सीमा राइन और डैन्यूब नदियाँ निर्धारित करती थीं, दक्षिणी सीमा सहारा रेगिस्तान से बनती थी। यूरोप और अफ्रीका के महाद्वीपों के बीच भूमध्य सागर था जो पश्चिम में स्पेन और पूर्व में सीरिया तक फैला था।

4. रोम साम्राज्य में गणतंत्र शासन व्यवस्था 509 ई.पू. से 27 ई.पू. तक चली। 27 ई.पू. में ऑगस्ट्स गणतंत्र का तख्ता पलटकर सम्राट बन गया। ऑगस्ट्स के राज्य को प्रिंसिपेट कहा जाता था। खिलाड़ी थे: सम्राट, अभिजात वर्ग और सेना।

6. रोम की सेना व्यवसायिक सेना थी जिसमें सैनिकों को वेतन दिया जाता था। रोम की विशाल सेना में 6,00,000 सैनिक थे। प्रत्येक सैनिक को 25 वर्ष तक सेना में सेवा करनी पड़ती थी।

7. प्रथम और द्वितीय शताब्दियाँ शांति, समृद्धि और आर्थिक विस्तार का काल थीं। परन्तु तीसरी शताब्दी में तनाव उभरा जब ईरान के ससानी वंश के बार-बार आक्रमण हुए। इसी बीच जर्मन मूल की जनजातियों (फ्रेंक, एलमन्नाई और गोथ) ने रोमन साम्राज्य के विभिन्न प्रदेशों पर कब्जा कर लिया जिससे साम्राज्य में अस्थिरता आई और 47 वर्षों में 25 सम्राट सिंहासनारूढ़ हुए। इसे तीसरी शताब्दी का संकट कहा जाता है।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

8. रोमन समाज में एकल परिवार का चलन था। महिलाओं का स्थिति अच्छी थी और उन्हें संपत्ति में स्वामित्व व संचालन में कानूनी अधिकारी प्राप्त था।

9. रोम में काम चलाऊ साक्षरता व्यापक रूप से विद्यमान थी।

10. साम्राज्य में सांस्कृतिक विविधता पाई जाती थी: अनेक देवी-देवता, अनेक भाषाएँ, वेशभूषा की विविध शैलियाँ और तरह तरह के भोजन।

11. रोम का आर्थिक आधारभूत ढाँचा काफी मजबूत था। यहां बन्दरगाहों, खानें-खदानें, ईंट भट्टे, जैतून के तेल की फैक्टरियाँ बहुतायत में थीं। गेहूँ, अंगूरी शराब और जैतून के तेल का व्यापार व्यापक रूप से होता था।

12. तरल पदार्थों की ढुलाई जिन कन्टेनरों में की जाती थी उन्हें एम्फोरा कहा जाता था। स्पेन में उत्पादित जैतून का तेल 'ड्रेसल-20' नामक कन्टेनरों में ले जाया जाता था।

13. रोम में दासता की जड़े मजबूत थीं। इटली में 75 लाख की आबादी में से 30 लाख दास थे। दासों को पूँजी निवेश के रूप में देखा जाता था, उनके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया जाता था।

14. प्रारंभिक सम्राज्य में निम्नलिखित श्रेणियाँ पाई जाती थीं: सैनेटर, अश्वारोही, अभिजात वर्ग, फूहड़ निम्नतर वर्ग, और दास।

    परवर्तीकाल में- अभिजात वर्ग, मध्यम वर्ग और निम्नतर वर्ग।

15. रोमवासी बहुदेववादी थे। लोग जूपिटर, जूनों, मिनर्वा तथा मॉर्स जैसे देवी-देवताओं की पूजा करते थे। यहूदी धर्म रोम साम्राज्य का एक अन्य बड़ा धर्म था। सन् 312 में सम्राट कॉन्स्टॅनटाइन ने ईसाई धर्म को राजधर्म बनाने का निर्णय लिया।

16. साम्राज्य के पश्चिमी भाग में उत्तर से आने वाले समूहों-गोथ, वैंडल तथा लोम्बार्ड आदि ने बड़े प्रांतों पर कब्जा करके रोमोत्तर राज्य स्थापित कर लिए। सातवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों तक आते आते रोम और ईरान के बीच लड़ाई छिड़ गई।

17. पैगम्बर मुहम्मद की मृत्यु के 10 साल बाद पूर्वी रोमन और ससानी राज्यों के बड़े-बड़े भाग शोषण युद्ध के बाद अरबों के कब्जे में आ गए और इस्लाम का विस्तार हुआ- यह प्राचीन विश्व इतिहास की सबसे बड़ी राजनीतिक क्रांति थी।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

# विषय-3 तीन महाद्वीपों में फैला हुआ साम्राज्य

## अति लघु प्रश्न (2 अंक वाले)

1. रोम साम्राज्य के इतिहास के स्रोतों का उल्लेख कीजिए।
2. रोम के सम्राट ऑगस्ट्स को 'प्रमुख नागरिक क्यों माना जाता था? दो बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।
3. उन दो भाषाओं का नाम लिखिए जिनका प्रयोग रोम साम्राज्य के प्रशासन के लिए किया जाता था।
4. रोम साम्राजय के संदर्भ में 'प्रिंसिपेट' से क्या तात्पर्य है? संक्षेप में उत्तर दीजिए।
5. रोमन साम्राज्य के राजनीतिक इतिहास में तीन प्रमुख खिलाड़ी कौन थे?
6. रोम साम्राज्य की सेना की किन्हीं दो विशिष्टताओं का उल्लेख कीजिए।
7. रोमन साम्राज्य में साक्षरता की स्थिति का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
8. सम्राट कांस्टैनटाइन को सोने के सिक्के जारी करने पड़े। क्यों? कारण लिखिए। नए सिक्कों को क्या नाम दिया गया?

## लघु प्रश्न (5 अंक वाले)

9. 'तीसरी शताब्दी में रोम साम्राज्य को बहुत अधिक तनाव का सामना करना पड़ा' उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।
10. "रोम में सिंहासन पारिवारिक वंशक्रम पर आधारित था।" उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।
11. 'रोम साम्राज्य सांस्कृतिक विभिन्नता का अनुपम मिश्रण था।' इस कथन की विवेचना कीजिए।
12. भूमध्य सागर तथा निकटवर्ती पूर्व में दासता रूपी संस्था की गहरी जड़ों का विश्लेषण कीजिए।
13. रोम साम्राज्य के पतन के क्या कारण थे? संक्षिप्त विवरण दीजिए।
14. यदि आप रोम साम्राज्य में रहे होते तो कहां रहना पसंद करते-नगरों में या ग्रामीण क्षेत्र में? कारण बताइए।

## दीर्घ प्रश्न (10 अंक वाले)

15. रोमन साम्राज्य की सामाजिक श्रेणियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
16. रोमन समाज और रोम की अर्थव्यवस्था को आधुनिक दर्शाने वाले अभिलक्षण कौन से थे? व्याख्या कीजिए।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

# अपेक्षित उत्तर/संकेत एवं मूल बिन्दु

## अति लघु प्रश्नोत्तर (2 अंक वाले)

1. ❑ पाठ्य सामग्री।
   ❑ प्रलेख अथवा दस्तावेज।
   ❑ भौतिक अवशेष।
2. ❑ यह दर्शाने के लिए कि वह निरंकुश शासक नहीं है।
   ❑ सैनट को सम्मान प्रदान करने के लिए।
3. ❑ (1) लैटिन (2) यूनानी
4. वह राज्य जो ऑगस्ट्स ने 27 ई.पू. स्थापित किया था।
5. ❑ (1) सम्राट (2) अभिजात वर्ग (सैनिट) (3) सेना।
6. ❑ रोम की सेना व्यवसायिक थी जिसमें प्रत्येक सैनिक को वेतन दिया जाता था।
   ❑ प्रत्येक सैनिक को कम से कम 25 वर्ष तक सेवा करनी पड़ती थी।
7. ❑ काम चलाऊ साक्षरता व्यापक तौर पर विद्यमान।
   ❑ पोम्पोई में गलियों की दीवारों पर अंकित विज्ञापन।
   ❑ मिस्त्र में सैकड़ों पैपाइरस प्राप्त हुए हैं जिन पर संविदा-पत्र लिखे हैं।
8. ❑ स्पेन की खानों में चांदी समाप्त होने के कारण सम्राट को सोने के सिक्के जारी करने पड़े।
   ❑ इन सिक्कों को 'सोलिडस' कहा गया।

## लघु प्रश्न (5 अंक वाले)

9. ❑ 225 ई. में ससानी वंश के शापुर प्रथम में 60,000 रोमन सेना का सफाया कर दिया।
   ❑ रोम की पूर्वी राजधानी ऐंटीओक पर अधिकारी जर्मन मूल की कई जनजातियों ने डैन्यूब नदी की सीमाओं पर आक्रमण।
   ❑ विदेशी बर्बरों के लगातार आक्रमण।
   ❑ 47 वर्षों में 25 सम्राट सत्तासीन हुए।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

10. ❑ पिता का राज्य पुत्र को मिलता था चाहे पुत्र नैसर्गिक हो या दत्तक।
- ❑ सेना भी इस सिद्धान्त को मानती थी।
- ❑ ऑगस्ट्स जूलियस सीजर का गोद लिया पुत्र था।
- ❑ टिबेरियस भी आगस्ट्स का अपना पुत्र नहीं था।
- ❑ सत्ता का सहज परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए ऑगस्ट्स ने टिबेरियस को गोद लिया था।

11. ❑ धार्मिक संप्रदायों तथा स्थानीय देवी-देवताओं में भरपूर विविधता।
- ❑ बोलचाल की अनेक भाषाएँ।
- ❑ वेशभूषा की विभिन्न शैलियाँ।
- ❑ तरह तरह के भोजन।
- ❑ सामाजिक संगठनों के भिन्न-भिन्न रूप।
- ❑ बस्तियों के अनेक रूप।

12. ❑ रोम साम्राज्य में दासता की जड़ें गहरी थीं। ईसाई धर्म के राज्य धर्म बनने के पश्चात् भी गुलामी की प्रथा को कोई गंभीर चुनौती नहीं।
- ❑ लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं कि अधिकांश श्रम दासों द्वारा किया जाता था।
- ❑ इटली में 75 लाख की जनसंख्या में 30 लाख दास।
- ❑ दासों को पूंजी निवेश के रूप में देखा जाता था।
- ❑ आर्थिक आधार को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्यों में दासों का इस्तेमाल न करने की सलाह दी गई थी।

13. ❑ रोम साम्राज्य के पतन की प्रक्रिया में बाहरी आक्रमणों का योगदान रहा।
- ❑ उत्तर में जर्मन मूल के समूहों द्वारा आक्रमण।
- ❑ सभी बड़े प्रांतों पर अधिकार और अपने राज्य स्थापित-स्पेन में विसिगोथ, गॉल में फ्रेंक तथा इटली में लोम्बार्डों का राज्य।
- ❑ ईरान के ससानी वंश के शासकों द्वारा पूर्वी प्रांतों पर आक्रमण।
- ❑ भीषण युद्ध के पश्चात् पूर्वी रोम अरबों के अधिकार में।

14. ❑ यदि हम रोम साम्राज्य में रहे होते तो निश्चित रूप से नगरों में रहना पसन्द करते।
- ❑ ग्रामों की अपेक्षा शहरों में जनसामान्य का जीवन अधिक सुरक्षित था।
- ❑ नगर विभिन्न उद्योगों के केन्द्र थे। अतः वहाँ अजीविका के साधन उपलब्ध थे।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

- ❑ नगरों का जीवन ग्रामीण जीवन की तुलना में अधिक सुख-सुविधापूर्ण था।
- ❑ नगर व्यापारिक गतिविधियों के केन्द्र थे।
- ❑ नगर प्रशासनिक गतिविधियों के केन्द्र थे। सरकारी सेवा के अवसर उपलब्ध हो।
- ❑ नगरों में उच्च स्तर के मनोरंजन के साधन उपलब्ध थे।

## दीर्घ प्रश्नोत्तर ( 10 अंक वाले )

15. ❑ इतिहासकार टैसिटस द्वारा प्रारंभिक साम्राज्य के प्रमुख सामाजिक समूहों का वर्णन।
- ❑ तीसरी शताब्दी के प्रारंभ में सैनेट सदस्य संख्या लगभग एक हजार थी।
- ❑ चौथी सदी के शुरू में कॉन्स्टैनटाइन प्रथम का शासन काल।
- ❑ अत्यधिक धनवान अभिजात वर्ग।
- ❑ मध्यम वर्ग का उदय।
- ❑ ह्यूमिलिओरिस या निम्नतर वर्ग।
- ❑ प्रवासी कामगार।
- ❑ रोमन साम्राज्य का परवर्ती काल।
- ❑ रोमन राज्य तानाशाही पर।
- ❑ स्व-नियोजित शिल्पकार।

16. ❑ भूमध्य सागर के नज़दीक पानी की शक्ति का प्रयोग।
- ❑ जलशक्ति के कारण प्रौद्योगिकी का प्रयोग।
- ❑ स्पेन की सोने और चाँदी की खानों में जल-शक्ति से खुदाई।
- ❑ व्यापक पैमाने पर खानों से खनिज निकालना।
- ❑ उत्पादकता का ऊँचा स्तर।
- ❑ बैंकिंग-व्यवस्था।
- ❑ धन का बड़े स्तर पर प्रयोग।
- ❑ नगर औद्योगिक तथा व्यापारिक गतिविधियों के केन्द्र।
- ❑ सुगठित वाणिज्यिक व्यवस्था।
- ❑ बेहतर परिवहन क्षमता।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

## विषय-3

# अनुच्छेद पर आधारित प्रश्न

## दासों के प्रति व्यवहार

*निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और अन्त में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-*

कुछ ही समय बाद शहर के शासक ल्यूसियस पेडेनयिस सेकंड्स का उसके एक दास ने कत्ल कर दिया। कत्ल के पश्चात, पुराने रिवाज के अनुसार यह आवश्यक था कि एक ही छत के नीचे रहने वाले प्रत्येक दास को फांसी दे दी जाए। परंतु बहुत से निर्दोष लोगों को बचाने के लिए भीड़ एकत्र हो गई और दंगे शुरू हो गए। सैनेट भवन को घेर लिया गया। हालांकि सैनेट भवन में अत्यधिक कठोरता का विरोध किया जा रहा था। परंतु अधिकांश सदस्यों ने परिवर्तन किए जाने का विरोध किया। जो सैनेटर फांसी देने के पक्ष में थे, उनकी बात मानी गई। परंतु पत्थर और जलती हुई मशालें लिए भारी भीड़ ने इस आदेश को कार्यान्वित किए जाने से रोका। नीरो ने अभिलेख द्वारा इन लोगों को फटकार लगाई, उन सारे मार्गों पर सेना लगा दी गई जहां सैनिकों के साथ दोषियों को फांसी पर चढ़ाने के लिए ले जाया जा रहा था।

-टैसिटस (55-117), आरंभिक साम्राज्य का इतिहासकार।

**प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर रोम साम्राज्य में दासों की स्थिति का वर्णन कीजिए। | 3 |
| 2. | रोम साम्राज्य में सैनेट की स्थिति क्या थी? | 2 |
| 3. | नीरो ने इन लोगों के प्रति क्या रवैया अपनाया? | 2 |
| 4. | दास द्वारा किसका कत्ल किया गया? | 1 |

## डॉक्टर गैलेन के अनुसार रोमन शहर का ग्रामीण क्षेत्रों के साथ बर्ताव

*निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-*

कई प्रांतों में लगातार कई वर्षों से पड़ रहे अकाल ने साधारण से साधारण बुद्धिवाले आदमी को भी यह बता दिया कि लोगों में कुपोषण के कारण बीमारियां हो रही हैं। शहर में रहने वाले लोगों का फसल कटाई के शीघ्र बाद अगले पूरे वर्ष के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न अपने भंडारों में भर लेना एक रिवाज था। सारा गेहूं, जौ, सेम तथा मसूर और दालों का काफी बड़ा हिस्सा शहरियों द्वारा

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

ले जाने के बाद भी कई प्रकार की दालें किसानों के लिए बची रह गईं थीं। सर्दियों के लिए जो कुछ भी बचा था, उसे खा-पीकर खत्म कर देने के पश्चात देहाती लोगों को वसंत ऋतु में अस्वास्थ्यकर खाद्यों पर निर्भर रहना पड़ा; उन्होंने पेड़ों की टहनियां, छालें, जड़ें, झाड़ियां, अखाद्य पेड़ पौधे और पत्ते खाकर किसी तरह अपने प्राणों को बचाए रखा।

*-गैलेन, ऑन गुड एण्ड बैड डाइट*

**प्रश्न**

1. डॉक्टर गैलेन के अनुसार रोमन शहरों का ग्रामीण क्षेत्रों से व्यवहार किस प्रकार का था? 3
2. गांवों को शहर और शहर को गांव का दर्जा किस आधार पर दिया जाता था? 1
3. शहरों में रहने का मुख्य लाभ क्या था? 2
4. अस्वास्थ्यकर खाद्यों से क्या अभिप्राय है? 2

## रोमन अभिजात वर्ग की आमदनियां पांचवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में

***निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-***

रोम के ऊंचे घरानों मे से प्रत्येक के पास अपने आप में वह सब कुछ मौजूद था जो एक मध्यम आकार के शहर में हो सकता है। एक घुड़दौड़ का मैदान (हिप्पोड्रोम), अनेक मंच-मंदिर, फव्वारे और विभिन्न प्राकर के स्नानागार.... बहुत से रोमन परिवारों को अपनी संपत्ति से प्रतिवर्ष 4,000 पाउंड सोने की आय प्राप्त होती थी, जिसमें अनाज, शराब और अन्य उपज शामिल नहीं थीं इन उपजों को बेचने पर सोने में प्राप्त आय के एक तिहाई के बराबर आमदनी हो सकती थी। रोम में द्वितीय श्रेणी के परिवारों की आय 1000 अथवा 1500 पाउंड सोना थी।

थेब्स का ओलिपिओडोरस

**प्रश्न**

1. रोम के ऊँचे घरानों के पास क्या संसाधन थे? 2
2. विभिन्न रोमन परिवारों की प्रतिवर्ष आय कितनी थी? 2
3. प्रारंभिक और परवर्ती काल में रोमन साम्राज्य कितने वर्गों में विभाजित था? 4

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

## विषय-3




दिये गये यूरोप व उत्तरी अफ्रीका के मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए?

1. रोम, सिसली, दमिश्क, कुस्तुंतुनिया, नेपल्स

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

# विषय-3




दिये गये पश्चिम एशिया के मानचित्र के 1-5 स्थान दिखाये गये हैं उन्हें पहचान कर उनके नाम लिखो।

Downloaded from www.studiestoday.com